


दैनिक

# कीर्तिप्रभा

खबरों के सच का निर्भीक आइना

रीवा ■ भोपाल से एक साथ

वर्ष: 28, अंक: 347 पृष्ठ 12, रीवा

मंगलवार 08 सितम्बर 2026

मूल्य: 3.00 रुपए


## नदियां उफान पर- बिहार के 12 जिले बाढ़ की चपेट में, 22 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित

### -गंगा समेत अनेक नदियों का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर

### -भागलपुर में रिंग बांध ओवरफ्लो, यूपी के बरेली में फायर स्टेशन तक डूबा




नई दिल्ली, देश के कई राज्यों में मानसून का असर लगातार बना हुआ है। बिहार में गंगा, कोसी, गंडक, बूढ़ी गंडक, पुनपुन और बागमती नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी के चलते बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। राज्य के 12 जिलों में करीब 22.42 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। भागलपुर में रिंग बांध के ओवरफ्लो होने से सुल्तानगंज के करीब 4 हजार घरों में पानी घुस गया है। अनेक नदियां खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं, जिससे अनेक इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई है।

उत्तर प्रदेश में भी मानसूनी बारिश का दौर जारी है। बरेली में रविवार दोपहर से रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण शहर के कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई। यहां फायर स्टेशन में करीब तीन फीट तक पानी भर गया। कई घरों के किचन और बेडरूम तक घुटनों के स्तर तक पानी पहुंचने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। फिलहाल बिहार में बाढ़, उत्तर प्रदेश में जलभराव और उत्तराखंड में बारिश एवं भूस्खलन की घटनाओं ने प्रशासन की चिंता बढ़ा दी है।

## सागर में जहरीली शराब से अब तक 15 मौतें, अब क्लीनचिट पर उठ रहे सवाल

### -जिन बॉम्बे और सागर गोल्ड ब्रांडों को जांच में पीने योग्य बताया गया, उन्हीं की शराब पीने के बाद मौतों का आरोप

### -7 दुकानें की गईं सील और 10 आरोपी लिए गए हिरासत में



सागर। मध्य प्रदेश के सागर जिले में संदिग्ध जहरीली शराब पीने से अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 150 से अधिक लोगों को निगरानी में रखा गया है। करीब 84 मरीजों के अस्पताल में भर्ती होने की जानकारी सामने आई है। बंडा और शाहगढ़ तहसील के कई गांवों में हुई इस घटना ने प्रशासन और आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सबसे बड़ा सवाल उन शराब ब्रांडों को लेकर है, जिनका सेवन करने के बाद लोगों की तबीयत बिगड़ी और मौतें हुईं। रिपोर्टों के मुताबिक, बॉम्बे व्हिस्की और सागर गोल्ड की संदिग्ध शराब को आबकारी विभाग की जांच में एक दिन पहले ही पीने योग्य बताया गया था। हालांकि, इस जांच में फॉरेंसिक परीक्षण नहीं कराया गया था। अब यही पहलू जांच के घेरे में है। स्थानीय लोगों का कहना है, कि शराब तस्कर कथित तौर पर नकली बॉम्बे ब्रांड करीब 20 रुपये और सागर गोल्ड करीब 30 रुपये सस्ती बेच रहे थे। कीमत अचानक कम होने पर कुछ लोगों ने शराब की गुणवत्ता को लेकर सवाल भी उठाए। आरोप है कि तस्करों ने इसे उसी ब्रांड की न्यई फॉर्मूलाज् वाली शराब बताकर लोगों को भरोसा दिलाया। प्रारंभिक जांच में शराब में मेथाइल अल्कोहल (मेथेनॉल) की मिलावट की आशंका जताई गई है। नकली शराब की बोतलों पर फर्जी रैपर, सील और क्यूआर कोड इस्तेमाल किए जाने के संकेत भी जांच एजेंसियों को मिले हैं। शनिवार रात कई गांवों में लोगों ने शराब का सेवन किया था। रविवार सुबह बड़ी संख्या में लोगों की तबीयत अचानक बिगड़ने लगी। मरीजों में उल्टी, पेट दर्द, कमजोरी, सिरदर्द, धुंधला दिखाई देना और आंखों की रोशनी प्रभावित होने जैसे लक्षण सामने आए।

## भीषण तूफान का अलर्ट- 24 राज्यों में भारी बारिश, आंधी और वज्रपात की चेतावनी



नई दिल्ली । भारतीय मौसम विभाग ने देश के 24 राज्यों में भारी बारिश, तेज आंधी और वज्रपात का अलर्ट जारी किया है, इसके बाद लोगों को घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है। मानसून की रफ्तार फिर तेज हो गई है और देश के कई हिस्सों में मौसम का मिजाज अचानक बिगड़ने वाला है। चेतावनी में कहा गया है कि कई इलाकों में 40 से 80 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की आशंका है, साथ ही बिजली गिरने और ओलावृष्टि की भी संभावना है।

दिल्ली में भारी बारिश के साथ 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, जिससे कई इलाकों में जलभराव की स्थिति पैदा हो सकती है। उत्तर प्रदेश में भी मौसम का असर व्यापक रहने वाला है, जहां मेरठ, मुजफ्फरनगर, गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, आगरा, मथुरा, अलीगढ़, कानपुर, बहराइच, हरदोई, रायबरेली, उन्नाव, इटावा और अयोध्या समेत कई जिलों में भारी बारिश और आंधी की चेतावनी है। इसी तरह, बिहार में पटना, गया, जहानाबाद, भोजपुर, गोपालगंज, बक्सर, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, मधुबनी, सहरसा, पूर्णिया, किशनगंज, कटिहार, भागलपुर और मुंगेर में तेज बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया गया है। पहाड़ी राज्यों में खतरा और बढ़ सकता है। उत्तराखंड के बागेश्वर, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत, पिथौरागढ़, पौड़ी, टिहरी और चमोली में भारी बारिश के साथ तेज हवाएं चल सकती हैं। बारिश के दौरान पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन का खतरा भी बना रहेगा। हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर के भी कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, अनंतनाग, जम्मू, बारामूला समेत कई इलाकों में भारी बारिश और आंधी की चेतावनी दी गई है। वहीं राजस्थान के जैसलमेर, जयपुर, झुंझुनू, सीकर, चूरू, अजमेर, बीकानेर, बूंदी, चित्तौड़गढ़, धौलपुर और भरतपुर सहित कई जिलों में भारी बारिश और आंधी का अलर्ट जारी किया गया है, जहां हवाओं की रफ्तार 60 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। मध्य प्रदेश के छतरपुर, दमोह, उज्जैन, शिवपुरी, सागर, कटनी, बैतूल, खंडवा, इंदौर, रायसेन, मुरैना, धार, हरदा, देवास और राजगढ़ सहित कई इलाकों में तेज बारिश और आंधी की संभावना है। छत्तीसगढ़ में भी सरगुजा, सूरजपुर, रायपुर, बिलासपुर, धमतरी, जांजगीर, दुर्ग, कोरबा और बलरामपुर में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है, जहां तेज हवाओं के झोंके 65 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकते हैं।

## भारत और फ्रांस नई गति और नई ऊर्जा के साथ मिलकर आगे बढ़ रहे



### -पेरिस में स्वामीनारायण मंदिर उद्घाटन समारोह को पीएम मोदी ने किया संबोधित

नई दिल्ली, पीएम नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि भारत और फ्रांस के संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि यह रणनीतिक साझेदारी इसलिए भी खास है, क्योंकि ये हमारे पुराने सांस्कृतिक-राजनैतिक संबंधों की मजबूत बुनियाद पर टिकी है। पेरिस में स्वामीनारायण मंदिर के उद्घाटन समारोह को वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने उम्मीद जताई कि पेरिस में बना यह भव्य मंदिर सदियों तक दोनों देशों के बीच सहयोग और अवसरों के प्रतीक के रूप में खड़ा रहेगा।

उन्होंने कहा कि हाल के वर्षों में भारत और फ्रांस के संबंध नई ऊंचाइयों पर पहुंच गए हैं। मेरे मित्र राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ मिलकर दोनों देश विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे बढ़ा रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि प्रौद्योगिकी, एआई, रक्षा, अंतरिक्ष और जलवायु कार्रवाई जैसे क्षेत्रों में भारत और फ्रांस नई गति और नई ऊर्जा के साथ मिलकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम 2026 को भारत-फ्रांस नवाचार वर्ष के रूप में भी मना रहे हैं। यह रणनीतिक साझेदारी इसलिए खास है क्योंकि यह हमारे लंबे समय से चले आ रहे सांस्कृतिक और राजनीतिक संबंधों की मजबूत नींव पर आधारित है।

### टीएमसी के राज्यसभा सांसद से जुड़े सात ठिकानों पर ईडी का छापा

कोलकाता, टीएमसी के राज्यसभा सांसद मोहम्मद नदीमुल हक से जुड़े दिल्ली, कोलकाता और रांची के सात परिसरों में ईडी ने तलाशी ली है। जांच में कर्टेंट, संदिग्ध वित्तीय लेन-देन और फंडिंग से जुड़े आरोप शामिल हैं। हक का नाम उर्दू दैनिक खअखबार-ए-मशरिकज् से भी जुड़ा है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ईडी ने सोमवार सुबह टीएमसी सांसद मोहम्मद नदिमुल हक से जुड़े परिसरों पर एक साथ कार्रवाई की।

### एमसीडी और डीयू को जिम्मेदार ठहराया

नई दिल्ली. । दिल्ली के सत्य निकेतन में पीजी इमारत गिरने के मामले में सोमवार को दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। अदालत ने हादसे को लेकर दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी पर सवाल उठाए। कोर्ट ने कहा कि बाहर से पढ़ने आने वाले छात्रों के हॉस्टलों की स्थिति बेहद दयनीय और खराब है। सरकार अपनी जिम्मेदारी से बच नहीं सकती।

### बारिश के चलते 700 साल पुराना महाकाल द्वार गिरा

उज्जैन. । महाकाल मंदिर से रामघाट जाने वाले प्राचीन मार्ग पर स्थित करीब 700 साल पुराना ऐतिहासिक महाकाल द्वार शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि अचानक भरभराकर गिर गया। हादसे के समय द्वार के आसपास कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा हादसा और जनहानि टल गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद सुबह के समय स्मार्ट सिटी के अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### 20 विदेशियों के पासपोर्ट जारी, विदेश मंत्रालय में हड़कंप

नई दिल्ली फर्जी दस्तावेजों के आधार पर विदेशी नागरिकों के भारतीय पासपोर्ट हासिल करने का मामला सामने आने से विदेश मंत्रालय में हड़कंप मच गया है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार पासपोर्ट पोर्टल के माध्यम से करीब 20 विदेशियों के नाम पर भारतीय पासपोर्ट जारी किए गए। मामले ने ऑनलाइन सत्यापन और दस्तावेज जांच की व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### सिंघवी ने साधा पीएम मोदी पर निशाना

नई दिल्ली, दिल्ली विश्वविद्यालय के साउथ कैंपस स्थित सत्य निकेतन इलाके में तीन मंजिला इमारत ढहने की घटना को लेकर कांग्रेस के राज्यसभा सांसद और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सवाल उठाए हैं। सिंघवी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर हादसे और छात्रों की सुरक्षा को लेकर सरकार से जवाब मांगा।

## मुझे बदनाम और फिर पंजाब को लूटने का मौका तलाश रहा विपक्ष- सीएम मान



### -अकाली दल सत्ता में लौटने के लिए बीजेपी से गठबंधन की भीख मांग रहा

बठिंडा, पंजाब के सीएम भगवंत मान ने विपक्षी नेताओं पर उन्हें बदनाम करने की कोशिश करने और च्वसालों तक अपना खजाना भरने के बाद एक बार फिर पंजाब को लूटनेज्ज् का मौका तलाशने का आरोप लगाया है। बठिंडा के घुड्डा गांव में च्लोक मिलनीज् कार्यक्रम में उन्होंने दावा किया कि विपक्ष इस बात से परेशान है कि उनकी सरकार लोगों के कल्याण पर पैसा खर्च कर रही है। बीजेपी और शिरोमणि अकाली दल (शिअद) पर निशाना साधते हुए सीएम मान ने कहा कि दोनों पूर्व सहयोगी एक बार फिर गठबंधन की ओर बढ़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कुछ नेता च्मोदी कोटेज्ज् से हैं और कुछ च्राहुल गांधी कोटेज्ज् से, जबकि वह अकेले च्जनता के कोटेज्ज् से हैं। सीएम मान ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों का पंजाब और उसके लोगों के खिलाफ काम करने का च्संदिग्ध रिकॉर्डज्ज् रहा है और उनके कृत्यों को कभी माफ नहीं किया जा

## दिल्ली में अनाधिकृत पांचवीं मंजिल वाली इमारतें होंगी सील

### पीजी इमारत हादसे के बाद सीएम रेखा का बड़ा आदेश

नई दिल्ली, । दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में पांच मंजिला इमारत ढहने से सात लोगों की मौत के बाद दिल्ली सरकार ने राजधानी में अनधिकृत निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बिना मंजूरी के बनाई गई पांचवीं मंजिल वाली सभी इमारतों को तत्काल सील करने का आदेश दिया है। सरकार ने स्पष्ट किया है कि नियमों का उल्लंघन करने वाली इमारतों के खिलाफ सीलिंग समेत अन्य कड़ी कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोशल मीडिया पर जानकारी देते हुए बताया कि सत्य निकेतन हादसे के बाद एमसीडी के डिप्टी कमिश्नर, एग्जीक्यूटिव इंजीनियर, सुपरिटेंडिंग इंजीनियर, असिस्टेंट इंजीनियर और जूनियर इंजीनियर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री के मुताबिक, हादसे में ढही इमारत के मालिक को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। सरकार ने हादसे को गंभीरता से लेते हुए सत्य निकेतन और आसपास के इलाकों में स्थित पीजी तथा अन्य इमारतों की बारीकी से जांच शुरू कर दी है। जांच में यदि किसी भवन में निर्धारित नियमों का उल्लंघन पाया गया तो उसके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाएगी ।हादसे के बाद सत्य निकेतन और आसपास के इलाकों में पीजी में रहने वाले छात्रों के बीच अपनी सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है।

## डॉक्टरों पर हमला करने वाले नेताओं को तुरंत हिरासत में लो- सुप्रीम कोर्ट



नई दिल्ली, सुप्रीम कोर्ट ने डॉक्टरों और अस्पताल कर्मचारियों पर लगातार बढ़ते हमलों पर गहरी चिंता जाहिर की है। सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार को कड़ा निर्देश देकर कहा कि डॉक्टरों के साथ मारपीट करने वाले राजनीतिक दलों के नेताओं को तुरंत हिरासत में लें और उन्हें खुले में घूमने की इजाजत नहीं मिलनी चाहिए। यह सख्त टिप्पणी शिवसेना पार्षद रमेश म्हात्रे की याचिका पर सुनवाई के दौरान आई।

शीर्ष न्यायालय कल्याण के शास्त्रीनगर अस्पताल में डॉक्टरों पर हुए हमले के मामले में म्हात्रे की जमानत शर्तों को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा था। हालांकि, उनके वकील मुकुल रोहतगी ने बाद में अपनी याचिका वापस ले ली। महाराष्ट्र सरकार ने शीर्ष अदालत को बताया कि उसने म्हात्रे की जमानत रद्द करने की मांग की है। मामले की अगली सुनवाई 28 सितंबर को तय की गई है, जिसके लिए अदालत ने नोटिस जारी किया है।सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी से ठीक एक दिन पहले, पालघर जिले में भी एक अस्पताल में डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ कथित तौर पर मारपीट की घटना सामने आई थी। आरोप है कि दही हांडी उत्सव के दौरान घायल एक व्यक्ति को अस्पताल से छुट्टी देने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके बाद शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) के कुछ पदाधिकारियों ने अस्पताल में हंगामा कर मारपीट की। सीसीटीवी फुटेज में व्यक्ति को अस्पताल की रिसेप्शनिस्ट को थप्पड़ मारते हुए भी देखा गया, जब रिसेप्शनिस्ट ने बीच-बचाव की कोशिश की थी। इस मामले में पालघर पुलिस ने कम से कम 17 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है, जिसमें शिंदे गुट के कुछ सदस्य भी शामिल हैं।

## इसरो का निजीकरण नहीं, सरकारी संस्था ही रहेगी

### -चेयरमैन वी. नारायणन बोले- कर्मचारियों की चिंताएं जायज, समाधान करेंगे



बैंगलुरु, भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के चेयरमैन वी. नारायणन ने स्पष्ट किया है कि इसरो का निजीकरण नहीं हुआ है और यह सरकारी संस्था ही है। उन्होंने संगठन के कर्मचारी संगठनों की ओर से उठाई गई चिंताओं को जायज बताते हुए कहा कि कर्मचारियों की आशंकाओं को दूर करना उनकी जिम्मेदारी है।

नारायणन ने यह बात बेंगलुरु स्पेस एक्सपो (बीएसएक्स) के 9वें संस्करण के उद्घाटन समारोह के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही। उनका बयान इसरो के नौ कर्मचारी संगठनों की ओर से 4 सितंबर को भेजे गए पत्र के बाद आया है। कर्मचारी संगठनों ने इसरो के मैन्युफैक्चरिंग और ऑपरेशनल कामों को निजी संस्थाओं को सौंपने से जुड़े प्रस्तावों पर जवाब मांगा था।

निजी कंपनियों के साथ सहयोग बढ़ेगा

इसरो चेयरमैन ने कहा कि देश के बढ़ते अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए हर साल करीब 50 लॉन्च व्हीकल की जरूरत होगी। भारत में स्पेस इकोनॉमी और अंतरिक्ष क्षेत्र का विस्तार करने के लिए इसरो निजी कंपनियों और स्टार्टअप्स के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसरो सरकारी निवेश के साथ काम कर रहा है। हालांकि, अंतरिक्ष क्षेत्र के बढ़ते दायरे को देखते हुए देश में एक मजबूत स्पेस इकोसिस्टम और स्पेस इकोनॉमी तैयार करना जरूरी है।

कर्मचारियों की चिंताओं को दूर करने का भरोसा नारायणन ने कर्मचारी संगठनों की आपत्तियों पर कहा कि उनके साथियों की चिंताएं जायज हैं और उन्हें स्पष्ट करना संगठन की जिम्मेदारी है। उन्होंने भरोसा दिया कि कर्मचारियों की चिंताओं का समाधान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम करीब 64-65 साल पुराना है और इस समय देश के 56 स्पेस एसेट्स अंतरिक्ष में हैं, जो आम लोगों के लिए उपयोगी सेवाएं दे रहे हैं। हालांकि, देश की जरूरतें इससे कहीं अधिक हैं।

### छह साल पहले हुए थे अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधार

इसरो चेयरमैन के मुताबिक, करीब छह साल पहले अंतरिक्ष क्षेत्र में सुधार लागू किए गए थे। इनका उद्देश्य इसरो की क्षमताओं का उपयोग करते हुए निजी क्षेत्र और स्टार्टअप कंपनियों को सहयोग देना तथा देश के स्पेस इकोसिस्टम का विस्तार करना था। उन्होंने कहा कि निजी क्षेत्र की भागीदारी बढ़ाने का उद्देश्य इसरो का निजीकरण करना नहीं, बल्कि देश की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को बड़े स्तर पर विकसित करना है।

## डिवाइडर से टकराकर पलटी पिकअप, 12 लोगों की मौत; 20 घायल



बागपत उत्तर प्रदेश के बागपत जिले में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में 12 लोगों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 20 अन्य घायल हो गए। राजस्थान से उत्तर प्रदेश के बदायूं जा रही पिकअप गाड़ी खेकड़ा थाना क्षेत्र में डिवाइडर से टकराने के बाद अनियंत्रित होकर पलट गई।

हादसे में अब तक 12 लोगों की मौत होने की पुष्टि की है। मृतकों की पहचान की जा रही है। इससे पहले मेडिकल कॉलेज के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक अजीत चौधरी ने हादसे में छह लोगों की मौत की पुष्टि की थी। बाद में मृतकों की संख्या बढ़कर 12 हो गई। पुलिस अधीक्षक सूरज राय के मुताबिक, राजस्थान से बदायूं जा रही पिकअप रविवार देर रात करीब 12रू30 बजे खेकड़ा थाना क्षेत्र में डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर के बाद वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को खेकड़ा और बागपत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के अलावा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए उच्च चिकित्सा केंद्रों में भेजा गया है।

घायल यात्री कुंवर पाल के अनुसार, हादसे के समय ज्यादातर यात्री पिकअप में सो रहे थे। इसी दौरान अचानक जोरदार आवाज हुई और वाहन पलट गया। पुलिस अधीक्षक सूरज राय ने बताया कि वाहन चालक ने पुलिस को जानकारी दी कि पिकअप को पीछे से किसी दूसरी गाड़ी ने टक्कर मारी थी, जिसके बाद वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

